**2023**

# HINDI

## ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–3036

**( पाश्चात्य काव्यशास्त्र )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्लेटो के गुरु का नाम क्या है?

(ख) अरस्तू का अनुकरण शब्द यूनानी भाषा के किस शब्द का पर्याय है?

(ग) 'लिरिकल बैलड्स' का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(घ) लोंगिनिस की किसी एक रचना का नाम बताइए।

(ङ) अभिव्यंजनावाद के प्रवर्तक कौन थे?

(च) कॉलरिज का जन्म कब हुआ था?

(छ) रिचर्ड्स के सम्प्रेषण सिद्धांत की तुलना किस भारतीय सिद्धांत से की जा सकती है?

(ज) टी० एस० इलियट का पूरा नाम बताइए।

(झ) 'स्वच्छन्दतावाद' अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी अनुवाद है?

(ञ) शैली के लिए अंग्रेजी में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्लेटो के काव्य-सृजन के दैवी-प्रेरणा सिद्धांत के दो अवगुणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) अरस्तू की किन्हीं दो कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) इलियट के दो समीक्षात्मक सिद्धांतों के नाम लिखिए।

(घ) रिचर्ड्स के मूल्य सिद्धांत की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) शैलीविज्ञान की एक परिभाषा दीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) अरस्तू के विरेचन सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(ख) वर्ड्सवर्थ के काव्य-भाषा सिद्धांत की विशेषताओं को उजागर कीजिए।

(ग) कल्पना और फैंसी के किन्हीं पाँच अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(घ) इलियट के परंपरा सिद्धांत के मुख्य बिन्दु क्या हैं?

(ङ) यथार्थवाद के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(च) शैलीविज्ञान के स्वरूप पर एक टिप्पणी लिखिए।





**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) प्लेटो की काव्य-संबंधी अवधारणाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

**अथवा**

"Art is the imitation of nature." अरस्तू के इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) लोंगिनिस के औदात्य के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

क्रोचे के सौन्दर्यवाद को विश्लेषित कीजिए।

(ग) इलियट के निर्वैयक्तिकता के सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

स्वच्छन्दतावाद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

(घ) रिचर्ड्स के संप्रेषण सिद्धांत की मूलभूत बातों पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

**अथवा**

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में शैलीविज्ञान की उपयोगिता की समीक्षा कीजिए।

★★★